# आचार संहिता और आचार नीतत
# आंतरिक नैतिकता की जांच संबंधी नीति

ETHICS & LEGAL COMPLIANCE |
ISSUED: September 21, 2021 – REVISED: April 3, 2024

## प्रस्तावना

यह नीति बताती है कि विश्व स्तर पर Magna International Inc. और इसके सभी संचालन समूहों, विभागों, संयुक्त उद्यमों और अन्य संचालनों (सामूहिक रूप से, "Magna") में आचारनीति और कानूनी अनुपालन सबंधित बातों का किस तरह से ध्यान रखा जाता है। यह नीति कर्मचारियों, स्वतंत्र ठेकेदारों, अधिकारियों, निदेशकों, आपूर्तिकर्ताओं, सलाहकारों और एजेंटों सहित उन सभी व्यक्तियों पर लागू होती है जिनका Magna के साथ संबंध है या जो Magna की ओर से कार्य करते हैं (सामूहिक रूप से, “Magna पर्सन्स”)।

## लागू करना

यह नीति, आचारनीति और कानूनी अनुपालन से संबंधित समस्याओं के बारे में प्राप्त रिपोर्ट पर लागू होती है। यह नीति Magna की कर्मचारी का अधिकार-पत्र के संभावित उल्लंघनों या मानव संसाधन अथवा स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण से संबंधित उन अन्य स्थानीय मामलों के बारे में रिपोर्ट की गई समस्याओं पर लागू नहीं होती है, जिनकी आमतौर पर स्थानीय कानूनों और प्रथाओं के अनुसार जांच की जाती है।

इस नीति और किसी भी लागू कानून के बीच किसी भी संघर्ष की स्थिति में, कानूनी नियम मान्य किए जाएंगे।

## प्रतिबद्धता

Magna सभी व्यावसायिक सौदों में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए Magna के सभी व्यक्तियों को आचार संहिता और आचार नीतत (“संहिता”) या संहिता से संबंधित किसी भी नीति के संभावित उल्लंघनों के बारे में तुरंत ***आवाज़ उठानी*** चाहिए और किसी भी समस्या की रिपोर्ट करनी चाहिए। उपलब्ध सभी रिपोर्टिंग चैनलों के बारे में अधिक जानकारी के लिए नीचे देखें।

Magna रिपोर्ट की गई समस्याओं को गंभीरता से लेता है और जांच द्वारा पहचाने गए किसी भी कदाचार की समय पर, निष्पक्ष और सुसंगत तरीके से जांच करने और उसे दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

Magna एक ऐसी कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्ध है जिसमें ऐसी समस्याओं को प्रतिशोध के डर के बिना उठाया जा सकता है। इसी कारण, Magna की [प्रतिशोध-विरोधी नीति](#) ऐसे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिशोध को प्रतिबंधित करती है जो ईमानदारी से और सद्भाव रखते हुए कोई समस्या बताता है। किसी को भी समस्या उठाने से हतोत्साहित करने या रोकने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसी भी प्रतिशोध को एक गंभीर मामला माना जाएगा और इसके परिणामस्वरूप नौकरी से बर्खास्तगी की सीमा तक और उसे शामिल करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की मंज़ूरी दी जा सकती है।

## MAGNA से जुड़े लोगों के उत्तरदायित्व

Magna से जुड़े लोगों को नीचे बताए गए रिपोर्ट करने के विभिन्न तरीकों में से किसी एक का उपयोग करके किसी भी संदिग्ध नैतिकता या कानूनी अनुपालन की उल्लंघन की तुरंत रिपोर्ट करनी चाहिए। रिपोर्ट में आचरण के विस्तृत विवरण सहित समस्या के बारे में जितनी संभव हो ज्यादा से ज्यादा जानकारी शामिल होनी चाहिए; आचरण का स्थान, तारीख और समय (वो अभी भी जारी है या नही); क्या शारीरिक नुकसान की आशंका है, बचाव या सुरक्षा के लिए खतरा है[1] या तत्काल कार्रवाई के अन्य कारण; गवाहों या शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान; और जानकारी के स्रोत, दस्तावेज़ या सबूत जो Magna की जांच को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं। रिपोर्ट करने वालों को अपने दावों की पैरवी के लिए माँगी गई अतिरिक्त जानकारी और सबूत (यदि उपलब्ध हो) तुरंत देने चाहिए। समय पर सहयोग प्रदान नहीं पर पाएं या जानकारी के लिए जांच अनुरोधों का जवाब नहीं दे पाएं तो परिणामस्वरूप वह जांच फ़ाइल बंद हो सकती है।

Magna से जुड़े लोगों को अनुरोध किए जाने पर कथित उल्लंघनों की जांच में भी सहयोग करना चाहिए। किसी कर्मचारी द्वारा पूर्ण या समय पर सहयोग प्रदान करने से मना करने पर, या किसी जांच में हस्तक्षेप करने पर या उसे कमजोर करने के किसी भी प्रयास पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें नौकरी से बर्खास्तगी की कार्रवाई भी शामिल है। स्वतंत्र ठेकेदार, आपूर्तिकर्ता या एजेंट द्वारा सहयोग करने से मना करने पर Magna के साथ उनके व्यापारिक संबंध समाप्त हो सकते हैं।

## रिपोर्ट करने के तरीके

Magna व्यक्तियों को संदिग्ध उल्लंघनों की रिपोर्ट कंपनी के अंदर से करनी चाहिए, और रिपोर्ट करने के लिए विभिन्न रिपोर्टिंग चैनल उपलब्ध हैं। [Magna हॉटलाइन](#) एक ऐसा तरीका है जिससे Magna से जुड़े लोग प्रतिशोध के डर के बिना Magna की नीतियों के उल्लंघन के बारे में गोपनीय और गुमनाम तरीके से रिपोर्ट कर सकते है। अन्य चैनलों के माध्यम से भी समस्याओं की रिपोर्ट की जा सकती है, जिसमें कर्मचारियों की रिपोर्ट उनके पर्यवेक्षकों और/या डिवीजन, समूह या कॉर्पोरेट स्तर पर Magna प्रबंधन के सदस्योंको देना (अर्थात Magna की "खुला दरवाजा" प्रक्रिया) या सीधे Magna के आतंरिक ऑडिट, कानूनी, मानव संसाधन या आचारनीति और कानूनी अनुपालन विभागों को रिपोर्ट देना।

कुछ देशों में, सरकार या नियामक एजेंसी के व्हिसिल-ब्लोइंग तंत्र के माध्यम से उल्लंघन की रिपोर्ट कंपनी के बाहर से की जा सकती है। अगर आपके गृह देश में कानून द्वारा इसकी अनुमति है तो इस नीति में आपको नियामक के व्हिसिल-ब्लोइंग तंत्र का उपयोग करने से कुछ भी और कोई भी नहीं रोक सकता।

## निजता, गोपनीयता, विशेषाधिकार और गुमनामी

रिपोर्ट करने वालों की गोपनीयता तथा नाम न बताने और उनकी पहचान यदि ज्ञात ह) (साथ ही जांच में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान) तो उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। गोपनीयता और नाम न बताने का पालन किया जाएगा, उस स्थिति को छोड़कर

[1] ऐसी आपात स्थिति में, Magna अपने कर्मचारियों, स्वतंत्र ठेकेदारों, अधिकारियों, निदेशकों, आपूर्तिकर्ताओं और एजेंटों को स्थानीय आपातकालीन सेवाओं से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित करती है (जैसे 911 डायल करना, जहां उपलब्ध हो)।

जिसमें ये लागू कानून के पालन के लिए आवश्यक हो।[2] जांच प्रक्रिया में शामिल रिपोर्ट करने वाले व्यक्तियों तथा अन्य लोगों के व्यक्तिगत डेटा का भी लागू कानून और डेटा गोपनीयता पर हमारी आंतरिक नीतियों, प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों के अनुसार उपयोग किया जाएगा।

जांच प्रक्रिया और संबंधित संचार (चाहे मौखिक हो या लिखित, इलेक्ट्रॉनिक हो या अन्य किसी प्रकार का) की गोपनीयता बनाए रखने में Magna का जरूरी हित होता है, जब तक कि कंपनी इसे कानून द्वारा उचित और अनुमत मानती हो। इसमें संचार की गोपनीयता शामिल है जो कानूनी विशेषाधिकार या अन्य प्रतिरक्षा के अधीन हैं (और इसलिए, कानूनी कार्यवाही में प्रकटीकरण से सुरक्षित हैं)। Magna, जांच में शामिल सभी व्यक्तियों से अपेक्षा करती है कि जब जांच से संबंधित संचार की बात आए तो वे गोपनीयता और विशेषाधिकार के प्रति सचेत रहें।

केवल वे कर्मचारी या एजेंट जिन्हें कंपनी की ओर से बात करने के लिए Magna द्वारा विशेष रूप से अधिकृत किया गया है, जांच प्रक्रिया के बारे में तीसरे पक्ष के साथ बात कर सकते हैं। यह नीति, कर्मचारियों को उनकी व्यक्तिगत क्षमताओं में सरकारी या नियामक एजेंसियों से बात करने से नहीं रोकती है।

## निगरानी और रिपोर्टिंग

Magna अनुपालन समिति ("MCC") आचारनीति और कानूनी अनुपालन कार्यक्रम के सभी पहलुओं की निगरानी करती है। MCC ने जांच निरीक्षण समिति ("IOC") को आचारनीति और कानूनी अनुपालन जांच की निगरानी सौंप दी है। IOC में Magna के लीडर शामिल हैं जो मिलकर MCC को त्रैमासिक रिपोर्ट भेजते हैं। IOC, समर्पित जांच व्यवस्थापकों ("व्यवस्थापक") के सहयोग से, इस नीति और सभी संबंधित प्रक्रियाओं या दिशानिर्देशों के अनुरूप सभी लागू आंतरिक जांचों के समय पर, निष्पक्ष और सुसंगत निष्पादन, उपचार और आंतरिक रिपोर्टिंग का व्यवस्थापन और निगरानी करती है।

उच्च जोखिम वाली जांच से संबंधित आंकड़े और जानकारी नियमित आधार पर आतंरिक ऑडिट द्वारा Magna इंटरनेशनल इंक. के निदेशक मंडल की ऑडिट समिति को दी जाती है।

## ऑपरेशन (केस इनटेक)

Magna हॉटलाइन के माध्यम से दर्ज की गई रिपोर्ट एक स्वतंत्र तृतीय पक्ष द्वारा प्राप्त की जाती हैं, फिर व्यवस्थापकों को भेजी जाती हैं (जो मामले का दस्तावेज़ीकरण और जांच प्रक्रिया शुरू करते हैं)। तृतीय पक्ष एक केंद्रीय डेटाबेस में आरोपों का दस्तावेज़ीकरण करता है और इस प्रकार इस नीति में वर्णित जवाब देने की प्रक्रिया शुरू होती है। तृतीय पक्ष के कर्मचारी दिन में 24 घंटे, साल के 365 दिन उपलब्ध रहते हैं और 20 से अधिक विभिन्न भाषाओं में संवाद करते हैं।

अन्य तरीकों के माध्यम से दायर की गई रिपोर्ट व्यवस्थापकों को समय पर भेजी जानी चाहिए, जो आरोपों का दस्तावेज़ीकरण करते हैं और इस प्रकार इस नीति में वर्णित जांच प्रक्रिया शुरू होती है।

## जांच की सर्वोत्तम प्रथाएं

जांच प्रक्रिया का नेतृत्व Magna के कार्यात्मक विभागों के अनुभवी सदस्यों किया जाता है जिसमें आंतरिक ऑडिट, कॉर्पोरेट सुरक्षा, कानूनी, संचालन या रिपोर्ट से संबंधित संचालन समूह शामिल हैं। जांच का नेतृत्व ("लीड") किस कार्यात्मक विभाग को सौंपा जाएगा ये रिपोर्ट की विषय-वस्तु और व्यवस्थापकों द्वारा मामले की प्रारंभिक जांच के दौरान तय किए गए आरोपों की गंभीरता और कार्रवाई की आवश्यकता पर निर्भर करता है। जांच प्रक्रिया का समर्थन करने के लिए Magna बाहरी संसाधनों (उदाहरण के लिए, बाहरी कानूनी सलाहकार) का भी उपयोग कर सकता है।

---

[2] नामरहित रिपोर्टिंग सिस्टम के उपयोग पर कुछ अधिकार क्षेत्रों में सीमाएं तय की गई हैं। Magna हॉटलाइन सिस्टम की अज्ञात प्रकृति या Magna हॉटलाइन कॉल को नामरहित रखने की Magna की बाध्यता से संबंधित प्रश्न समूह और/या संबंधित क्षेत्र के लिए कानूनी सलाहकारको भेजे जाने चाहिए। गैर-Magna पक्षों को खुद की पहचान बतानी होगी।

जांच की योजना बनाने, सभी खोजी कदम उठाने और आंतरिक रिपोर्टिंग के लिए लीडर जिम्मेदार होते हैं। खोजी कदमों की पर्याप्तता और समय पर उनके निष्पादन की निगरानी व्यवस्थापकों द्वारा की जाती है। समय-समय पर, IOC इस नीति के अनुसार जांच जारी रखने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के दिशानिर्देश तय कर सकती है।

जांचों का समय पर पूरा होना और उनकी स्थिति और निष्कर्षों पर आंतरिक रिपोर्टिंग, प्रबंधन को यह निर्धारित करने में महत्वपूर्ण सहयोग करते हैं कि सिद्ध हो चुके आरोपों का निवारण करने के लिए कौन-से कदम, यदि कोई हैं, उठाना आवश्यक है। मामले से संबंधित जानकारी तक पहुंच को नियुक्त किए गए Magna कर्मचारियों तक प्रतिबंधित रखा जाता है।

पूरी जांच प्रक्रिया के दौरान रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति से लगातार बात की जाती रहेगी। लीडर, आरोपों को पक्का करने के लिए अतिरिक्त जानकारी या सबूत का अनुरोध करने के लिए रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति से संपर्क कर सकते हैं। जांच की स्थिति और जांच बंद होने के बारे में रिपोर्ट करने वाले लोगों को भी समय-समय पर सूचित किया जाएगा।

## उपचारात्मक कार्रवाई

जहां आरोप प्रमाणित होते हैं (पूर्ण या आंशिक रूप से), वहां आचरण पर ध्यान देने और भविष्य में इस तरह के आचरण को रोकने वाले उपायों को निर्धारित करने और लागू करने की ज़िम्मेदारी Magna के प्रबंधन की होती है। उपचारात्मक कार्रवाई का उद्देश्य अनुचित आचरण को रोकना और भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति की रोकथाम करना है। उपचारात्मक कार्रवाइयों में निम्न शामिल हो सकते हैं (बिना किसी सीमा के):

- आंतरिक नियंत्रणों को लागू करना, बढ़ाना या सुधारना;
- कर्मचारियों को अनुशासित करना, निलंबित करना या बर्ख़ास्त करना;
- विक्रेताओं के साथ संबंध समाप्त करना;
- कर्मचारियों को प्रशिक्षण (या पुनः प्रशिक्षण) देना;
- कानून प्रवर्तन को रिपोर्ट करना; या
- नुकसान के लिए मुकदमा दायर करना।

## प्रबंधन के उत्तरदायित्व

Magna के प्रबंधन के सदस्यों से, जैसे कर्मचारी, ऊपर बताए गए विभिन्न रिपोर्ट करने के तरीकों में से किसी एक का उपयोग करके कदाचार की सभी संदिग्ध घटनाओं की तुरंत रिपोर्ट करने की अपेक्षा की जाती है।

जब भी संभव हो, प्रबंधन को जांच की प्रगति के बारे में नियमित रूप से अवगत कराया जाएगा। हालांकि, जांच में सीधे तौर पर शामिल किसी भी कर्मचारी को मामले की विस्तृत जानकारी नहीं दी जाएगी।

किसी भी जांच के पूरा होने पर, प्रबंधन को उपचारात्मक कार्रवाई की अनुमति देने के लिए "जानने की आवश्यकता" वाले तथ्यों के बारे में बताया जाएगा, विशेष रूप से उन स्थितियों में जहां कर्मचारी अनुशासन या वित्तीय नुकसान की भरपाई की सिफारिश की जा सकती है या जहां आंतरिक नीतियां, प्रक्रियाएं या अन्य नियंत्रणों को संशोधित करने या बढ़ाने की आवश्यकता है।

## अधिक जानकारी के लिए

अधिक जानकारी के लिए, कृपया उपाध्यक्ष, नैतिकता और मुख्य अनुपालन अधिकारी या उपाध्यक्ष, आंतरिक ऑडिट से संपर्क करें।

| | |
|---|---|
| Issued: | September 21, 2021 |
| Revised: | April 3, 2024 |
| Next Review: | Q3 2024 |
| Issued By: | Ethics & Legal Compliance |
| Approved By: | Magna Compliance Council |